## महत्वपूर्ण एवं खास

### फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर झुलसा

**रायपुर (आरएनएस)।** उरला स्थित ग्रेवेटी फेरोयूनिट टू स्थित कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर झुलस गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक बीरगांव निवासी प्रार्थी रजनीश गुप्ता 35 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा मजदूर कुलदीप गुप्ता को बिना सुरक्षा उपलब्ध कराएं क्रेन ऑपरेट करा रहा था। जिससे फर्निस्ट ब्लास्ट होने पर मजदूर कुलदीप गुप्ता नीचे गिर गया और झुलस गया। जिससे उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने फैक्ट्रीर प्रबंधन के खिलाफ धारा 287, 338 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक में लोड 26 बोरी चावल पार

**रायपुर (आरएनएस)।** ट्रक में लोड 26 बोरी उसना चावल को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरगंज धमतरी निवासी प्रार्थी अटल सिंह जुनेजा 25 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपनी ट्रक में उसना चावल की बोरी लोड कर रावाभाठा स्थित शेरे पंजाब ढाबा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने ट्रक में से 26 बोरी पार कर दिया। चोरी गए बोरी की कीमत करीब 16345 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सडक़ हादसे में घायल बाइक सवार की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गया। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशन कुमार टंडन 26 वर्ष ने खमतराई थाने में शिकायत किया कि आरोपी सुमीत कुमार बंजारे 28 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्स 3176 से अपने साथी हीरो जांगड़े 32 वर्ष को बैठाकर कहीं जा रहा था, तभी व्यास तालाब स्थित एडोर कंपनी के पास बाइक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गिरा दिया। जिससे बाइक में पीछे हीरो जांगड़े गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### वाहन से टकराया ट्रेलर, चालक की स्टेयरिंग में दबकर हुई मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** सडक़ किनारे ब्रेक डाउन हालत में खड़े ट्रेलर से पीछे से आ रही तेजरफ्तार ट्रेलर टकरा गई। इससे केबिन क्षतिग्रस्त हो गई और स्टेयरिंग में दबने से चालक की मौत हो गई। घटना पाली के बांधाखार के स्कूल के सामने की सडक़ पर मंगलवार को हुई, जहां सडक़ किनारे पहले से ब्रेक डाउन हालत में ट्रेलर सीजी.10.के.2570 खड़ा था। उस दौरान डूमरकछार की ओर से आ रहे तेजरफ्तार ट्रेलर सीजी.10.बीएफ. 2463 ट्रेलर के पीछे टकरा गया। इससे पीछे से टकराए ट्रेलर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। इससे उसे चला रहा मूलत:वैशाली बिहार निवासी चालक चंदन साहनी स्टेयरिंग में दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### पैसे के लेन-देन को लेकर महिला से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** सिलाई के पैसे के लेन-देन को लेकर एक महिलाा ने दूसरे महिला से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थिया की शिकायत खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गायत्री नगर खम्हारडीह निवासी विनिता चंद सुमन 52 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि सिलाई के पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बालोद में एम्प्लाय-एम्प्लॉयर्स मीट : 183 युवाओं का चयन

**❒ महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने किया शुभारंभ**



**रायपुर (आरएनएस)।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने आज रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम युवाओं की नई आशा ''जिजीविषा'' अंतर्गत बालोद जिला मुख्यालय में रोजगार-स्वरोजगार चाहने वाले युवाओं और नियोजकों के मध्य समन्वय के लिए आयोजित एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट का शुभारंभ किया। एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट में आज 183 युवक-युवतियों का चयन किया गया।

जिला मुख्यालय बालोद के महादेव भवन गंजपारा में एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री भेंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस अवसर पर मंत्री भेंडिया ने बालोद जिले में पहली बार बेरोजगार युवा-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने हेतु बड़ी संख्या में नियोजक कंपनियों को बुलाकर वृहद पैमाने पर एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट के आयोजन के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। भेंडिया ने एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट में शामिल होने पहुँचे युवा-युवतियों को इसका लाभ उठाने को कहा। जिले में पहली बार वृहद पैमाने पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा-युवती पहुंचे थे।

मंत्री भेंडिया ने कहा कि कोरोना काल के विकट स्थिति में देश के साथ-साथ हमारे प्रदेश के भी अनेक रोजगार नियोजक संस्थाएँ बंद होने के कारण रोजगार के अवसर भी बंद हो गए थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इस विषम परिस्थिति से शीघ्र उबरकर राज्य के युवा-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवा-युवतियों को इस एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट के माध्यम से अपनी योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार रोजगार हासिल करने की शुभकामनाएँ भी दी। भेंडिया ने जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित इस वृहद एवं सफल आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए आने वाले समय में पुन: इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन करने को कहा। इस अवसर पर संजारी-बालोद की विधायक संगीता सिन्हा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर सहित कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

विधायक संगीता सिन्हा ने इस एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुँचे युवा-युवतियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि जिजीविषा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट के माध्यम से रोजगार के अवसर की तलाश कर रहे हमारे युवा-युवतियों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने उपस्थित युवा-युवतियों को सदैव आशावादी बनकर रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए निरंतर प्रयासरत रहने को कहा।

एम्पलॉय-एम्पलॉयर्स मीट में नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड, एस.आई.एस. इंडिया, शुभम केमार्ट, स्वरोजगार, सुमीत सिनफेब, सार्थक कमर्शियल, बजाज फाईनेंस, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, बंधन बैंक, शिवशक्ति एजुकेशन हब, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फायनेंस, एचडीबी फाइनेंसियल सर्विसेस, इसाफ को-ऑपरेटिव, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, माइक्रो फाइनेंस, टाटा कैपिटल, जी केटरर्स, डिजीटल ड्रिम्स, गुरूदेव ट्रेडर्स, अविरल माइक्रो फाइनेंस, लाईफ केयर फाउण्डेशन, एनटीटीएफ पिनया इंडस्ट्रियल एरिया, जलाराम स्टोन्स, क्वेस कार्पोरेशन लिमिटेड और जैन ऑटो केयर आदि कुल 30 नियोजक संस्था शामिल हुए। उक्त नियोजक संस्थाओं का आयोजक संस्था के साथ एमओयू भी किया गया।

# दिनदहाड़े किसान से लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, थाना कोमाखान क्षेत्र की घटना

**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के कोमाखान इलाके में बुधवार दिनदहाड़े एक किसान से लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रेमलाल निषाद अपने धान बेचने की रकम को सहकारी बैंक कोमाखान से 10,000 रूपयें निकाल कर अपने घर जा रहा था। जिसें अज्ञात मोटर सायकल क्रमांक ञ्जस् 12 श्व॥ 7291 के चालक ने रास्ते में रोककर नकली नोट रखे हो कहते हुए जेब में रखे रूपयें को जबरदस्ती छिनकर कर भाग गया था । जिस पर प्रार्थी प्रेमलाल निषाद निवासी ग्राम देवरी थाना कोमाखान निवासी ने थाना कोमाखान में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जिला सहकारी बैंक कोमाखान पैसा निकाले आया था। 10,000 रूपयें बैंक से निकाल कर अपने पेंट के जेब में रखकर दोपहर 02.00 से 03.00 बजें के बीच बैंक से अपने घर देवरी मोटर सायकल से जा रहा था, भटगांव से चिंगरिया जाने के मार्ग में मोटर सायकल में सवार अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के पास आकर उसे रोक दिया और उससे कहा की तुम अपने जेब में नकली नोट रखे हो और कहते हुए उसके जेब में हाथ डालकर पैसे छिनकर वहां से भागने लगा तब प्रार्थी ने गाड़ी को पकड़ लिया जिससे आरोपी गाड़ी छोडक़र खेतों की ओर भागने लगा प्रार्थी प्रेमलाल निषाद ने जोर- जोर से आवाज लगायी जिससे खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी सजग हो गए। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोमाखान में अपराध क्र0 123/2022 धारा 392 भादवि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल को प्राप्त हुई पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल घटना के गम्भीरता से लेते हुए जिलें के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत अज्ञात आरोपी को पकडऩे हेतु नाकेबंदी करने निर्देशित किया गया। जिसपर क्षेत्रों में नाकेबंदी की कार्यवाही की गई तब थाना कोमाखान प्रभारी निरीक्षक रामवतार पटेल अपने स्टाफ के साथ तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुए। घटना स्थल के पास खेत में काम कर रहे ग्रामीणों के साथ घेराबंदी कर आरोपी को खोजा गया जिसे कुछ देर खेतों में खोजने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। तथा आरोपी के पकडे जाने पर लूट की पूरी रकम 10000/- रूपये तत्काल ही बरामद कर लिया गया साथ ही साथ घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया । आरोपी के संबंध में आसपास के जिला एवं ओडिसा तथा कर्नाटक राज्य से सम्पर्क कर आरोपी के इतिहास को खंगाला जा रहा है, निश्चित ही थाना कोमाखान पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती एवं सफलता है जो घटना के बाद तत्काल घेराबंदी का कार्य कर आरोपी को पकडऩे सफलता हासिल किये है। यदि आरोपी को पकड़ा नही जाता तो और भी इस तरह की घटनाऐं घटित हो सकती थी, चुंकि इन दिनों किसानो को उनकी धान बिक्री की रकम खातों में जमा हो रही है, जिसे किसान समय- समय पर बैंक जाकर निकालते रहते है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम खैबर अली पिता जाकिर अली उम्र 35 वर्ष सा. ग्राम-बदरुद्दीन कॉलोनी छिदरी रोड वार्ड नम्बर 24 बीदर जिला बीदर (कर्नाटक) आरोपी के पास से लूट का नगदी रकम 10,000 रूपयें, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल ,मोबाईल फोन सहित 40000/- रूपये जप्त की गई है।

# दिनदहाड़े महिला से अज्ञात युवकों ने की चैन स्नेचिंग, तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई (आरएनएस)।** शहर के रिसाली में डीपीएस चौक के पास दो युवक महिला के गले से सोने की चैन खिंच भाग गए हैं। पीडि़त महिला कोचिंग सेंटर कर्मी है। सुबह लगभग 11 बजे हुई इस घटना की रिपोर्ट एक महीने बाद पीडित महिला ने भिलाई नगर थाना में दर्ज करवायी है।

भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि शांति स्वामी (50 वर्ष) क्वाटर नं. 308 एच रिसाली सेक्टर निवासी एक्सेस कोचिंग सेंटर सिविक सेंटर में काम करती है। वह 6 अगस्त की सुबह करीबन 11 बजे सिविक सेंटर से पैदल अपने घर रिसाली जा रही थी तभी डीपीएस चौक के पहले रोड के किनारे दो अज्ञात लडक़े रोड के किनारे खड़े थे। जिसमें से एक लडक़ा उनके पास आया और गले की चैन खींच नर्सरी की तरफ भाग निकला। सोने की चैन करीबन 10 ग्राम की थी। अचानक घटी इस घटना से शांति काफी डर गई, उसने चीख पुकार मचाई लेकिन आरोपी भाग निकले। घर पहुंच शांति ने सभी को घटना की जानकारी दी लेकिन डर की वजह से उसने रिपोर्ट नहीं की। एक महीने बाद अपने भतीजा प्रशांत सेखिया के साथ थाना आकर उसने रिपोर्ट दर्ज करवायी है। लूट कारित करने वाले युवकों की आयु 19-20 वर्ष है। भिलाई नगर पुलिस संबंधित मामले में धारा 34 और 392 के तहत तफ्तीश कर रही है।

# रिश्वत लेते दो कर्मचारी गिरफ्तार

**❒ एंटीकरप्शन ब्यूरो ने की कार्यवाही**



**सूरजपुर/भिलाई (आरएनएस)।** एन्टी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्यवाही की है। पटवारी नीलकमल सोनी और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ जुगेश्वर प्रसाद को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला सूरजपुर में पदस्थ जुगेश्वर प्रसाद, सहायक – 02 ने विद्यालय के मान्यता के नवीनीकरण कार्य के एवज में 15,000 रूपये मांगी थी। जिसे आज प्रार्थी से 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ा गया। इसी तरह नीलकमल सोनी, पटवारी पह0न0 13 / 18. कोहका भिलाई द्वारा 6,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई थी। प्रार्थी से मांगी गई रिश्वत की कुल रकम 6,000 रूपये लेते पटवारी कार्यालय जामुल से पकड़ा गया।

ईओडब्ल्यू / एसीबी छत्तीसगढ़ रायपुर के निदेशक आरिफ एच. शेख के निर्देशन में एसीबी यूनिट अंबिकापुर. एसीबी रायपुर की टीम ने आज कार्यवाही कर रिश्वत की मांग करने वाले 2 कर्मचारियों को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है।

# झालखम्हरिया में ड्रोन तकनीकी द्वारा नैनो यूरिया तरल का उपयोग प्रारंभ

**❒ किसान को नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाए: कलेक्टर**



**महासमुंद (आरएनएस)।** विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको द्वारा ग्राम झालखम्हरिया में विश्व के पहले नैनो यूरिया तरल का उपयोग धान फसल में ड्रोन द्वारा प्रारंभ कराया गया। प्रगतिशील कृषक हरिकृष्ण भार्गव के खेत पर पहली बार ड्रोन से नैनो यूरिया तरल का स्प्रे देखकर किसानों ने रोमांच का अनुभव किया। इफको के प्रयास से छत्तीसगढ़ में प्रथम बार जिला महासमुंद से ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन का शुभारंभ किया गया है। ड्रोन द्वारा एक एकड़ धान फसल में मात्र 08-10 मिनट में नैनो यूरिया का स्प्रे पूर्ण किया गया। जबकि मजदूर द्वारा इसी कार्य को करने में लगभग 1 घंटे से ज्यादा लगता है।

कलेक्टर निलेश कुमार ने कहा कि जिले के प्रत्येक किसान को नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाए। किसानों को अब खेत में 45 किलो का बैग ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए नैनो यूरिया तरल की 500 मिली बोतल ही काफी रहेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व गुणवत्ता के लिहाज से यह अच्छी है। यूरिया का अधिक प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता में कमी आती है तथा मृदा स्वास्थ्य को नुकसान भी पहुंचता है। नैनो यूरिया तरल का संतुलित इस्तेमाल फसलों को मजबूत व स्वस्थ्य बनाता है और ये सस्ता भी है। इससे किसानों की आय भी बढ़ेगी।

# बुरूंगवाड़ा में प्लास्टिक रिसाइकिल फैक्ट्री का होगा शिलान्यास 14 को

**❒ प्लास्टिक जमा करने रिवर्स वेंडिंग मशीन लगाये जायेंगे व महिला समूहों से प्लास्टिक कचरा खरीदा जाएगा**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** प्लास्टिक को फिर से उपयोग में लाने के लिए जगदलपुर के करीब ग्राम बुरूंगवाड़ा (बाबू सेमरा) में 05 करोड़ की लागत से करीब 22 हजार वर्ग फीट के इलाके में शासकीय प्लास्टिक रिसाइकिल फैक्ट्री लगाये जाने की तैयारी शुरू हो गई है, 14 सितंबर को शिलान्यास किया जायेगा। अगले तीन महीने में यह प्लास्टिक को रिसाइकिल करने का काम शुरू हो जायेगा। इस शासकीय फैक्ट्री से पर्यावरण को बचाने के साथ इलाके के महिला समूह की महिलाओं को नया रोजगार भी मिलेगा। निगरानी रखने के लिए एक एप भी बनाया जा रहा है। इस एप के जरिए कचरा कलेक्शन से लेकर फैक्ट्री के प्रोडक्शन तक जानकारी मिलेगी। कलेक्टोरेट में सीसीई के प्रतिनिधि ने कचरा कलेक्शन से लेकर उसके मैनेजमेंट और आखिरी उत्पाद तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इधर प्लास्टिक जमा करने रिवर्स वेंडिंग मशीन पर्यटन स्थल चित्रकोट और दलपत सागर के पास लगाई जाएगी। इसमें प्लास्टिक बोतल को एकत्र किया जाएगा। साथ ही बोतल लाने वाले को कूपन दिया जाएगा। कूपन का उपयोग बस्तर कैफे में किया जा सकता है। इसके अलावा बड़े बाजार स्थल पर प्लास्टिक लाओ थैला पाओ जैसे कैंपेन भी चलाए जाएंगे। इसके अलावा 114 गांवों से निकला प्लास्टिक कचरा महिला समूहों से खरीदा जाएगा। अभी प्लास्टिक की बोतल और इस तरह के प्लास्टिक की कीमत 10 से 15 रुपए किलो है। इसके बाद यह कचरा रिसाइकिल होने के लिए फैक्ट्री में जाएगा। जब प्लास्टिक गलाकर दाने का रूप लेगा तो यह बाजार में 55 रुपए प्रति किलो तक बिकेगा। इस दाने को बेचने से जो फायदा होगा वह भी महिला समूह की महिलाओं को ही दिया जाएगा। मशीनें चलाने की ट्रेनिंग भी स्थानीय महिलाओं एवं युवकों को दी जाएगी।

कलेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि प्राकृतिक सुंदरता से पहचाने जाने वाले बस्तर के वातावरण को हमेशा स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता के तहत रिसाइकिल वेस्ट मैनेजमेंट में बस्तर की अलग पहचान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को कचरा से मुक्त रखने के लिए सीईई (सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन) के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर रिसाइकिल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एक फैक्ट्री तैयार करवाई जा रही है।

# जिले के गौठानों में वर्ष भर बागवानी फसल लेने के लिए गौठानवार बनेगी कार्य योजना : कलेक्टर

**❒ गौठानों में मुर्गी पालन, बकरी पालन सहित अन्य आजीविका गतिविधियों को दें बढ़ावा**

**❒ कलेक्टर झा ने कोटमेंर गौठान एवं नवापारा के काजू-चिरौंजी प्रसंस्करण केन्द्र का किया निरीक्षण**

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर संजीव झा ने जिले के गौठानों मे वर्ष भर बागवानी फसल लेने के लिए गौठानवार बागवानी फसलों की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। उन्होने कहा कि गौठान की जमीन और मौसम के अनुसार गौठानों में फसलों का चयन किया जाए। जिससे गौठानों में वर्ष भर बागवानी फसलों का उत्पादन होगा। जिससे महिला समूहों को वर्ष भर बागवानी फसलों से आमदनी होगी। उन्होने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सभी गौठानों की महिलाओं से चर्चा कर फसलों की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर झा ने करतला ब्लॉक के कोटमेर गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही नवापारा में स्थित काजू एवं चिरौंजी प्रसंस्करण केन्द्र में पहुंचकर काजू उत्पादन का भी जायजा लिया। कलेक्टर झा ने कोटमेर गौठान पहुंचकर स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौठान में किये जा रहे आजीविका गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कोटमेर गौठान में वृहद स्तर पर अण्डा उत्पादन के लिए मुर्गी पालन के दो यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होने मुर्गीपालन से रोजाना लगभग 400 अण्डो के उत्पादन के लिए कार्य योजना बनाने और प्रस्ताव पर जल्द ही काम शुरू करने के भी निर्देश दिये है। अण्डा उत्पादन से महिला समूहों के सदस्यों को नियमित तौर पर आर्थिक लाभ प्राप्त होगी। गौठान में कार्यरत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मुर्गीपालन, चारा उत्पादन, सब्जी उत्पादन आदि का काम कर रही हैं। कलेक्टर झा ने कोटमेर गौठान में ड्रिप एरिगेशन सुविधा, सोलर पंप, मल्चिंग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होने सात एकड़ रकबे में फैले गौठान की भूमि का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का सुझाव देते हुए खाली जमीनों में आलू, शकरकंद, जिमीकंद, अदरक एवं हल्दी आदि की खेती करने के निर्देश दिये। साथ ही चारागाह क्षेत्र में नेपियर घास भी लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर, एसडीएम कोरबा हरिशंकर पैंकरा, डिप्टी कलेक्टर सीमा पात्रे, तहसीलदार करतला पंचराम सलामे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने नवापारा बरतोरी स्थित हरियाली बहुद्देशीय प्रसंस्करण केन्द्र का भी जायजा लिया। नाबार्ड के सहयोग से एफ.पी.ओ. हरियाली कृषि उत्पाद संघ द्वारा संचालित इस इकाई में काजू, चिरौंजी, ब्लैक राइस आदि की प्रोसेसिंग की जाती है। केन्द्र के प्रभारी ने बताया कि ब्लैक राईस के स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक होने के कारण दक्षिण के राज्यों में मांग ज्यादा है। डायबिटिज आदि के लिए फायदेमंद होने के कारण इसकी बिक्री से आमदनी में बढ़ोत्तरी की काफी संभावनाएं हैं। कलेक्टर झा ने काजू और चिरौंजी प्रोसेसिंग की प्रक्रिया की भी प्रभारी से जानकारी ली। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि चिरौंजी, चार बीज से प्राप्त होता है, जिसकी आसपास के क्षेत्रों में काफी उपलब्धता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU